1. In the context of nineteenth-century European politics, 'Liberals' were distinctly different from 'Democrats' because :

(1) Liberals supported the uncontrolled power of dynastic rulers, whereas democrats sought a parliamentary government.

(2) Liberals argued for a religion-neutral state but did not believe in the universal right of every citizen to vote.

(3) Liberals opposed the existence of private property, while democrats sought to protect the rights of property owners.

(4) Liberals favoured a radical, sudden transformation of society, whereas democrats preferred a slow, gradual shift.

उन्नीसवीं शताब्दी की यूरोपीय राजनीति के संदर्भ में, 'उदारवादियों' को 'लोकतंत्रवादियों' से स्पष्ट रूप से अलग माना जाता था क्योंकि :

(1) उदारवादी वंशवादी शासकों की अनियंत्रित शक्ति का समर्थन करते थे, जबकि लोकतांत्रिक संसदीय सरकार चाहते थे।

(2) उदारवादी धर्म-निरपेक्ष राज्य के पक्षधर थे, लेकिन प्रत्येक नागरिक के मतदान के सार्वभौमिक अधिकार में विश्वास नहीं करते थे।

(3) उदारवादी निजी संपत्ति के अस्तित्व को विरोध करते थे, जबकि लोकतांत्रिक संपत्ति मालिकों के अधिकारों की रक्षा करना चाहते थे।

(4) उदारवादी समाज में आमूलचूल और अचानक परिवर्तन के पक्षधर थे, जबकि लोकतांत्रिक धीमी और क्रमिक परिवर्तन को प्राथमिकता देते थे।

2. **Assertion (A) :** The Great Depression hit Indian peasants hardest, leading to indebtedness and distress sales.

**Reason (R) :** The colonial government reduced land revenue demands to provide relief during the crisis.

(1) Both **(A)** and **(R)** are true, and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**अभिकथन (A) :** महामंदी ने भारतीय किसानों को सबसे अधिक प्रभावित किया, जिससे ऋणग्रस्तता और संकटपूर्ण बिक्री हुई।

**कारण (R) :** औपनिवेशिक सरकार ने संकट के दौरान राहत प्रदान करने के लिए भूमि राजस्व की माँग को कम कर दिया।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं, और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं, लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सत्य है, लेकिन **(R)** असत्य है।

(4) **(A)** असत्य है, लेकिन **(R)** सत्य है।

4203563

3. How did the use of "nationalist messages" in advertisements signify a shift in the Indian market during the early twentieth century ?

(1) It was a strategy used by Manchester industrialists to convince Indians that British cloth was actually "Swadeshi".

(2) Advertisements became a vehicle for political messaging, suggesting that buying Indian-made products was an act of loyalty to the nation.

(3) It discouraged the use of religious imagery, focusing instead on the scientific superiority of Indian factories.

(4) It was primarily used to market heavy industrial machinery and locomotives to rural farmers.

बीसवीं शताब्दी के आरंभिक वर्षों में विज्ञापनों में "राष्ट्रवादी संदेशों" के प्रयोग ने भारतीय बाज़ार में किस प्रकार बदलाव का संकेत दिया ?

(1) यह मैनचेस्टर के उद्योगपतियों द्वारा भारतीयों को यह विश्वास दिलाने की रणनीति थी कि ब्रिटीश कपड़ा वास्तव में "स्वदेशी" है।

(2) विज्ञापन राजनीतिक संदेश देने का माध्यम बन गए, जिससे यह संकेत मिलता था कि भारतीय निर्मित उत्पादों को खरीदना राष्ट्र के प्रति निष्ठा का प्रतीक है।

(3) इसने धार्मिक प्रतीकों के प्रयोग को हतोत्साहित किया और इसके बजाय भारतीय कारखानों की वैज्ञानिक श्रेष्ठता पर ज़ोर दिया।

(4) इसका मुख्य रूप से ग्रामीण किसानों को भारी औद्योगिक मशीनरी और लोकोमोटिव बेचने के लिए उपयोग किया गया।

4. Which of the following minerals has silica ?

(i) Feldspar

(ii) Quartz

(iii) Pyroxene

(iv) Amphibole

Choose the **correct** option :

(1) (i) and (ii) (2) (i), (ii) and (iii) (3) (iii) and (iv) (4) (i), (ii), (iii) and (iv)

निम्नलिखित में से किन खनिजों में सिलिका पाया जाता है ?

(i) फ़ेल्डस्पर

(ii) क्वार्ट्ज़

(iii) पायरोक्सीन

(iv) एम्फ़िबोले

**सही** विकल्प चुनें :

(1) (i) और (ii) (2) (i), (ii) और (iii) (3) (iii) और (iv) (4) (i), (ii), (iii) और (iv)

42035635

5. What is the difference between Khadar and Bangar land ?

(1) Khadar is old alluvium; Bangar is new alluvium

(2) Khadar is less fertile; Bangar is more fertile

(3) Khadar is new alluvial soil; Bangar is old alluvial soil

(4) Both are the same

खादर और बांगर भूमि के बीच क्या अंतर है ?

(1) खादर पुराना जलोढ़ है; बांगर नया जलोढ़ है।

(2) खादर कम उपजाऊ है; बांगर अधिक उपजाऊ है।

(3) खादर नई जलोढ़ मृदा है; बांगर पुरानी जलोढ़ मृदा है।

(4) दोनों एक ही हैं।

6. Large parts of Eastern India have been classified as 'very high damage risk zone' by the National Institute for Disaster Management. What is the primary geological reason for the high earthquake risk ?

(1) Large number of rivers and flooding

(2) Active tectonic plate collision between the Indian and Eurasian plates

(3) High density of population

(4) Soft alluvial soil

राष्ट्रीय आपदा प्रबंध संस्थान ने पूर्वी भारत के बड़े भाग को 'अति उच्च खतरा जोखिम क्षेत्र' के रूप में वर्गीकृत किया है। उच्च विभव वाले (भारी) भूकंप के खतरे का मुख्य भूगर्भशास्त्रीय कारण क्या है ?

(1) बड़ी संख्या में नदियों का होना और अक्सर बाढ़ की स्थिति

(2) भारत और यूरेशिया की पट्टियों के मध्य सक्रिय विवर्तनिक पट्टी का संघट्टन

(3) जनसंख्या का उच्च घनत्व

(4) मृदु जलोढ़ मिट्टी

7. Social exclusion is considered more damaging than low income because :

(1) It denies access to basic calorie requirements.

(2) It isolates communities from opportunities and equality.

(3) It reduces households assets like TV or bicycle.

(4) It increases dependence on government subsidies.

सामाजिक बहिष्कार को कम आये से अधिक हानिकारक माना जाता है क्योंकि :

(1) यह बुनियादी कैलोरी आवश्यकताओं तक पहुँच से वंचित करता है।

(2) यह समुदायों को अवसरों और समानता से अलग करता है।

(3) यह टीवी या साइकिल जैसी घरेलू संपत्तियों को कम करता है।

(4) यह सरकारी सब्सिडी पर निर्भरता बढ़ाता है।

8. Which of the following best captures the institutional logic behind a major policy decision's life cycle in India ?

(1) Executive formulates and unilaterally enforces all policies

(2) Policy formulation, legislative oversight, and judicial scrutiny if rights are affected

(3) Parliament directly executes all policy decisions

(4) Judiciary drafts policy and executive implements

भारत में नीतिगत निर्णय के जीवन चक्र का सर्वश्रेष्ठ रूप से कौन सा वर्णन करता है ?

(1) कार्यपालिका नीति बनाती है और उसे एकतरफा लागू करती है

(2) नीति निर्माण, संसदीय निगरानी, और यदि अधिकार प्रभावित हों तो न्यायिक समीक्षा

(3) संसद सीधे सभी नीतिगत निर्णय लागू करती है

(4) न्यायपालिका नीति बनाती है और कार्यपालिका उसे लागू करती है

9. Which of the following is/are true about atmosphere ?

(i) There is circulation of feeble winds and clouds in the lower stratosphere.

(ii) The temperature in the stratosphere decreases at the rate of 1°C for every 120 m of height.

(iii) The stratosphere doesn't absorb ultraviolet radiation.

(iv) Carbon dioxide is not transparent to the incoming solar radiation but opaque to the outgoing terrestrial radiation.

Select the **correct** answer using the code given below :

(1) Only (i) (2) (ii) and (iii) (3) (ii) and (iv) (4) (iii) and (iv)

निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं ?

(i) निचले समतापमंडल में मंद वायु परिसंचरण और बादलों का संचरण होते हैं।

(ii) समतापमंडल में तापमान प्रत्येक 120 मीटर की उँचाई पर 1°C की दर से घटता है।

(iii) समतापमंडल पराबैंगनी विकिरण को अवशोषित नहीं करता है।

(iv) कार्बन डाइऑक्साइड आने वाल सौर विकिरण के लिए पारदर्शी नहीं है, लेकिन बाहर जाने वाल पार्थिव विकिरण के लिए अपारदर्शी है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर **सही** उत्तर चुनिए :

(1) केवल (i) (2) (ii) और (iii) (3) (ii) और (iv) (4) (iii) और (iv)

10. A cartographer needs to show the ruggedness of a mountainous terrain where the slope is very steep. Which technique using short, disconnected lines drawn in the direction of the slope would be the most appropriate ?

(1) Layer Tinting (2) Hachure (3) Hill Shading (4) Contours

एक मानचित्रकार को पहाड़ी इलाके की विषमता को दिखाना है जहाँ ढलान बहुत तीव्र है। ढलान की दिशा में खींची गई छोटी, असंबद्ध रेखाओं का उपयोग करने वाली कौन सी तकनीक सबसे उपयुक्त होगी ?

(1) स्तर आभा (2) हैश्यूर (3) पहाड़ी छायांकन (4) समोच्च रेखाएँ

11. Consider the following two reasons on adoption of Federalism by India and choose the correct answer.
India adopted federalism to :
**R1 (Reason 1) -** Ensure a clear division of powers between the Union and the states.
**R2 (Reason 2) -** Reduce the burden of decision-making on the local self-government bodies.
(1) **R1** is true, **R2** is false
(2) **R1** is false, **R2** is true
(3) Both **R1** and **R2** are true
(4) Both **R1** and **R2** are false
भारत द्वारा संघवाद को अपनाने के निम्नलिखित दो कारणों पर विचार कीजिए और सही उत्तर चुनिए :
भारत ने संघवाद को अपनाया ताकि :
**कारण 1 (R1) :** संघ और राज्यों के बीच शक्तियों का स्पष्ट विभाजन सुनिश्चित किया जा सके।
**कारण 2 (R2) :** स्थानीय स्वशासी निकायों पर निर्णय लेने के बोझ को कम किया जा सके।
(1) **R1** सही है, **R2** गलत है
(2) **R1** गलत है, **R2** सही है
(3) **R1** और **R2** दोनों सही हैं
(4) **R1** और **R2** दोनों गलत हैं

12. Which of the following best demonstrates the relationship between democracy and the protection of minority rights ?
(1) The majority decides all policies through referendums.
(2) Minority groups are given privileges beyond Constitutional provisions.
(3) Laws are subject to Constitutional principles that safeguard individual and minority freedoms.
(4) The government consults opinion polls before making decisions.
निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प लोकतंत्र और अल्पसंख्यक अधिकारों की सुरक्षा के बीच संबंध को सबसे बेहतर दर्शाता है ?
(1) बहुमत जनमत-संग्रहों के माध्यम से सभी नीतियों का निर्णय करता है।
(2) अल्पसंख्यक समूहों को संविधान से अधिक विशेषाधिकार दिए जाते हैं।
(3) कानून संवैधानिक सिद्धांतो के अधीन होते हैं, जो व्यक्तियों और अल्पसंख्यकों की स्वतंत्रताओं की रक्षा करते हैं।
(4) सरकार निर्णय लेने से पहले जनमत सर्वेक्षणों से परामर्श करती है।

13. Which of the following statements on power sharing in a democracy is incorrect ?
(1) Power sharing strengthens democracy.
(2) Power sharing among the legislature, executive and judiciary represents a vertical distribution of power.
(3) The Indian Constitution mandates power sharing between different levels of government.
(4) Power sharing reduces the chances of arbitrary decision-making by authorities.
लोकतंत्र में सत्ता की साझेदारी के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है ?
(1) सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र को मज़बूत करती है।
(2) विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच सत्ता की साझेदारी सत्ता के ऊर्ध्वाधर वितरण को दर्शाती है।
(3) भारतीय संविधान सरकार के विभिन्न स्तरों के बीच सत्ता की साझेदारी का आदेश देता है।
(4) सत्ता की साझेदारी अधिकारियों द्वारा मनमाने निर्णय लेने की संभावना को कम करती है।

14. **Assertion (A) :** Demand deposits are considered money in modern economies.

**Reason (R) :** Because they can be withdrawn only after fixed maturity like fixed deposits.

(1) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A)

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)

(3) (A) is true, (R) is false

(4) (A) is false, (R) is true

**कथन (A) :** आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं में माँग जमा को मुद्रा माना जाता है।

**कारण (R) :** क्योंकि इन्हें स्थिर जमा की तरह ही एक निश्चित परिपक्वता अवधि के बाद ही निकाला जा सकता है।

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) (A) सत्य है, (R) असत्य है।

(4) (A) असत्य है, (R) सत्य है।

15. The Bengal famine of 1943 killed millions despite rice availability not collapsing drastically. What does this reveal about food security ?

(1) Availability alone ensures food security

(2) Accessibility and affordability are equally critical

(3) Imports automatically prevent famine

(4) Epidemics are the sole cause of famine deaths

1943 के बंगाल के अकाल में लाखों लोग मारे गए, जबकि चावल की उपलब्धता में भारी गिरावट नहीं आई थी। इससे खाद्य सुरक्षा के बारे में क्या पता चलता है ?

(1) केवल उपलब्धता ही खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

(2) सुलभता और सामर्थ्य दोनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।

(3) आयात स्वत: ही अकाल को रोकते हैं।

(4) महामारी ही अकाल से होने वाली मौतों का एकमात्र कारण है।

16. Which of the following are considered as educational indicators in determining National Multidimensional Poverty Index ?

(A) Years of schooling

(B) School attendance

(C) Enrolment ratio

(D) Literacy rate

(1) (A) and (B) (2) (A) and (C) (3) (B) and (C) (4) (B) and (D)

राष्ट्रीय बहुआयामी निर्धनता सूचकांक निर्धारित करने में निम्नलिखित में से किसे शिक्षा के संकेतकों के रूप में माना जाता है ?

(A) स्कूली शिक्षा के वर्ष

(B) स्कूल में उपस्थिति

(C) नामांकन अनुपात

(D) साक्षरता दर

(1) (A) और (B) (2) (A) और (C) (3) (B) और (C) (4) (B) और (D)

17. Identify the landform which is **not** classified as an erosional feature produced by the action of sea waves.

(1) Sea Caves (2) Coves (3) Chimneys (4) Reg

उस स्थलाकृति की पहचान कीजिए जिसे समुद्री तरंगों की 'अपरदनात्मक' विशेषता के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है।

(1) समुद्री गुफाएँ (2) खाड़ियाँ/कोव (3) चिमनी (4) रेग

18. Which of the following was undertaken to encourage the growth of fascist ideas among youth in Nazi Germany ?

(1) Jungvock : The cult of motherhood

(2) Youth league of Nazis, for children between ten and fourteen

(3) Rewriting of school textbooks and teaching of racial science

(4) Hitler Youth membership for Jews and Gypsies

नाजी जर्मनी में युवकों में फासीवादी विचारधारा के संवर्धन और प्रसार के लिए निम्नलिखित में से कौन सी युक्ति अपनाई गई थी ?

(1) जंगवाक : मातृत्व पंथ

(2) दस वर्ष से चौदह वर्ष के बालकों के लिए नाजी का युवा लीग

(3) स्कूली पाठ्यपुस्तक का पुनर्लेखन और नस्ली विज्ञान को सिखाना

(4) जहूदियों और जिप्सी के लिए हिटलर यूथ सदस्यता अभियान

19. Chipko Andolan began in Uttrakhand and Appiko Andolan began in ________.

(1) Tamil Nadu (2) Karnataka (3) Telangana (4) Kerala

चिपको आंदोलन उत्तराखंड में शुरू हुआ और अप्पिको आंदोलन का आरंभ हुआ ________।

(1) तमिलनाडु में (2) कर्नाटक में (3) तेलगांना में (4) केरल में

20. According to the Demographic Transition Theory, the first stage is characterized by :

(1) High fertility, low mortality

(2) Low fertility, high mortality

(3) High fertility, high mortality

(4) Low fertility, low mortality

जनसांख्यिकीय संक्रमण सिद्धांत के अनुसार, प्रथम अवस्था की विशेषता है :

(1) उच्च प्रजननशीलता, निम्न मृत्यु दर

(2) निम्न प्रजननशीलता, उच्च मृत्यु दर

(3) उच्च प्रजननशीलता, उच्च मृत्यु दर

(4) निम्न प्रजननशीलता, निम्न मृत्यु दर

21. Compare the Mundurucu peoples of the Brazilian Amazon and the 'tribes' notified as criminal in the Madras Presidency. What commonality exists in how colonial forest trade affected their socio-economic status ?

(1) Both groups were forced into a state of dependency or coerced labor under government supervision after losing their traditional livelihoods.

(2) Both groups successfully rebelled and forced the colonial governments to return their ancestral lands.

(3) Both groups were relocated to tea plantations to improve their living conditions.

(4) Both groups gained significant wealth and independence by becoming middle-men in the rubber and timber trades.

ब्राज़ीलियाई अमेज़न के मुंडुरुकु लोगों और मद्रासी प्रेसीडेंसी में घोषित किये गये अपराधी 'जनजातियों' की तुलना करें। औपनिवेशक वन व्यापार ने उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति को किस प्रकार प्रभावित किया, इसमें क्या समानता है ?

(1) दोनों समूहों को अपनी पारंपरिक आजीविका खोने के बाद सरकार की देखरेख में निर्भरता या जबरन श्रम करने के लिए मजबूर किया गया।

(2) दोनों समूहों ने सफलतापूर्वक विद्रोह किया और औपनिवेशक सरकारों को अपनी पैतृक भूमि वापस करने के लिए मजबूर किया।

(3) दोनों समूहों को जीवन स्तर में सुधार के लिए चाय बागानों में स्थानांतरित किया गया।

(4) दोनों समूहों ने रबर और लकड़ी के व्यापार में बिचौलिए बनकर महत्वपूर्ण धन और स्वतंत्रता प्राप्त की।

22. The nucleus of the Hugli Industrial Region is :

(1) Kolkata - Haora (Howrah) (2) Kolkata - Rishra

(3) Kolkata - Medinipur (4) Kolkata - Konnagar

हुगली औद्योगिक प्रदेश का केंद्र है :

(1) कोलकाता – हावड़ा (2) कोलकाता – रिशरा

(3) कोलकाता – मेदिनीपुर (4) कोलकाता – कोन्नगर

23. Ankit starts travelling from the Indian Standard Meridian at 11:00 AM. He travels toward the North-West, covering a longitudinal distance of 30 degrees. What will be the local time as per longitudinal position ?

(1) 9:00 AM (2) 1:00 PM (3) 8:30 AM (4) 12:30 PM

अंकित भारतीय मानक याम्योत्तर से पूर्वाहन 11:00 बजे यात्रा शुरू करता है। वह उत्तर-पश्चिम की ओर यात्रा करते हुए 30 डिग्री देशांतरीय दूर तय करता है। देशांतरीय स्थिति के अनुसार स्थानीय समय (Local Time) क्या होगा ?

(1) 9:00 पूर्वाहन (2) 1:00 अपराह्न (3) 8:30 पूर्वाहन (4) 12:30 अपराह्न

24. A disagreement between a minister and a senior civil servant regarding implementation of a welfare scheme is constitutionally resolved by :

(1) Intervention by the Supreme Court on administrative grounds

(2) The personal directive of the President

(3) The final decision of the Minister, who is politically accountable

(4) A public referendum to ensure democratic legitimacy

किसी कल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन को लेकर मंत्री और वरिष्ठ सिविल सेवक के बीच मतभेद होने पर संवैधानिक रूप से अंतिम निर्णय किसका माना जाएगा ?

(1) प्रशासनिक आधार पर सर्वोच्च न्यायालय का हस्तक्षेप

(2) राष्ट्रपति का व्यक्तिगत निर्देश

(3) मंत्री, का अंतिम निर्णय, क्योंकि वही राजनीतिक रूप से उत्तरदायी है

(4) लोकतांत्रिक वैधता सुनिश्चित करने के लिए जनमत-संग्रह

25. Consider the following three statements on Social divisions.

(A) : Social divisions take place when some social differences overlap with other differences.

(B) : It is possible that a person can have multiple identities.

(C) : Social divisions exist only in big countries like India.

Which of the statements is/are **correct** ?

(1) (A), (B) and (C) | (2) (A) and (B)

(3) (B) and (C) | (4) Only (C)

सामाजिक विभाजनों पर निम्नलिखित तीन कथनों पर विचार कीजिए :

(A) : सामाजिक विभाजन तब होता है जब कुछ सामाजिक अंतर दूसरे अंतरों से परस्पर व्याप्त करते हैं।

(B) : यह संभव है कि एक व्यक्ति की कई पहचानें हों।

(C) : सामाजिक विभाजन केवल भारत जैसे बड़े देशों में ही मौजूद होते हैं।

इनमें से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(1) (A), (B) और (C) | (2) (A) और (B)

(3) (B) और (C) | (4) केवल (C)

26. What is defined as the number of deaths per 1,000 population in a given year ?

(1) Morbidity rate | (2) Crude Death rate

(3) Case Fatality rate | (4) Neonatal Mortality rate

किसी विशेष वर्ष में प्रति 1,000 जनसंख्या पर होने वाली मृत्यु की संख्या को क्या कहा जाता है ?

(1) रुग्णता दर | (2) अशोधित जन्म दर

(3) मृत्यु दर मामला | (4) नवजात मृत्यु दर

27. What is another name for Tropical Deciduous Forests ?

(1) Rainforests (2) Monsoon Forests

(3) Coniferous (4) Tundra

उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वनों का एक अन्य नाम क्या है ?

(1) वर्षावन (2) मान्सून वन

(3) शंकुधारी (4) टुन्ड्रा

28. In the context of the French Revolution, compare the views of Desmoulins and Robespierre on liberty. Which statement best evaluates their difference ?

(1) Both saw liberty as achievable only through terror.

(2) Desmoulins equated liberty with happiness and justice, while Robespierre justified terror as necessary for liberty.

(3) Robespierre rejected the Declaration of Rights, while Desmoulins supported guillotining enemies.

(4) Both agreed that liberty required strict censorship of speech.

फ्रांसीसी क्रांति के संदर्भ में, स्वतंत्रता पर डेसमोलिन्स और रोबेस्पियर के विचारों की तुलना करें। कौन सा कथन उनके अंतर का सबसे अच्छा मूल्यांकन करता है ?

(1) दोनों का मानना था कि स्वतंत्रता केवल आतंक के माध्यम से ही प्राप्त की जा सकती है।

(2) डेसमोलिन्स ने स्वतंत्रता को सुख और न्याय के समान माना, जबकि रोबेस्पियर ने आतंक को स्वतंत्रता के लिए आवश्यक बताया।

(3) रोबेस्पियर ने मानवाधिकार घोषणापत्र को अस्वीकार कर दिया, जबकि डेसमोलिन्स ने शत्रुओं को गिलोटिन से मृत्युदंड देने का समर्थन किया।

(4) दोनों इस बात पर सहमत थे कि स्वतंत्रता के लिए अभिव्यक्ति पर सख्त प्रतिबंध आवश्यक है।

29. Gandhi chose salt as the symbol of Civil Disobedience because :

(1) It was a luxury item consumed only by elites.

(2) It represented the most oppressive face of British rule.

(3) It was linked to plantation worker's grievances.

(4) It was banned under the Rowlatt Act.

गांधी ने सविनय अवज्ञा के प्रतीक के रूप में नमक को चुना क्योंकि :

(1) यह एक विलासिता की वस्तु थी जिसका उपभोग केवल अभिजात वर्ग ही करता था।

(2) यह ब्रिटीश शासन के सबसे दमनकारी चेहरे का प्रतीक था।

(3) यह बागान श्रमिकों की शिकायतों से जुड़ा हुआ था।

(4) इसे रॉलेट अधिनियम के तहत प्रतिबंधित कर दिया गया था।

30. The National Multidimensional Poverty Index is based on how many developmental indicators ?
राष्ट्रीय बहुआयामी निर्धनता सूचकांक कितने विकासात्मक संकेतकों पर आधारित है ?

(1) 3 (2) 6 (3) 9 (4) 12

31. What is the primary cause of land degradation in Gujarat, Rajasthan, Madhya Pradesh and Maharashtra ?

(1) Mining (2) Over-irrigation (3) Overgrazing (4) Industrial effluents

गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में भूमि निम्नीकरण का मुख्य कारण क्या है ?

(1) खनन (2) अति-सिंचाई (3) अति-पशुचारण (4) औद्योगिक अपशिष्ट

32. During World War II, the Dutch in Indonesia implemented a "scorched earth" policy. What was the primary strategic and ecological consequence of this action ?

(1) It protected the sawmills and timber from being used by the local population.

(2) It destroyed vast resources of teak to prevent them from falling into Japanese hands, it also led to reckless exploitation by the Japanese later.

(3) It led to the immediate reforestation of java to hide military movements.

(4) It forced the Japanese to adopt "scientific forestry" to rebuild the destroyed timber industry.

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, इंडोनेशिया में डच ने ''भस्म कर भागो नीति'' लागू की। इस कार्रवाई का प्राथमिक रणनीतिक और पारिस्थितिक परिणाम क्या था ?

(1) इसने आरा मिलों और लकड़ी को स्थानीय आबादी द्वारा उपयोग किए जाने से बचाया।

(2) इसने सागौन (टीक) के विशाल संसाधनों को नष्ट कर दिया, ताकि वे जापानियों के हाथ में न पड़ें। बाद में जापानियों द्वारा इनका अंधाधुंध दोहन भी हुआ।

(3) इसने सैन्य गतिविधियों को छिपाने के लिए जावा में तत्काल वनीकरण को बढ़ावा दिया।

(4) इसने जापानियों को नष्ट हुए लकड़ी उद्योग के पुनर्निर्माण के लिए ''वैज्ञानिक वानिकी'' अपनाने के लिए मजबूर किया।

33. In case of production where output is produced using only two factors, the Law of Variable Proportions operate when :

(1) Both the factors change

(2) Only one factor is changed and the other is held constant

(3) Both the factors remain constant

(4) Both the factors are changed alternately

ऐसी उत्पादन स्थिति में जहाँ केवल दो कारकों का उपयोग करके उत्पादन किया जाता है, 'परिवर्तनीय अनुपातों का नियम' तब लागू होता है जब :

(1) दोनों कारक बदलते हैं

(2) केवल एक कारक बदला जाता है और दूसरा स्थिर रहता है

(3) दोनों कारक स्थिर रहते हैं

(4) दोनों कारकों को वैकल्पिक रूप से बदला जाता है

34. Which of the following best analyzes the nature of inventors and the application of new technology during the first phase of the Industrial Revolution ?

(1) Breakthroughs were the result of formal university training in basic sciences like Physics and Chemistry.

(2) New inventions were immediately adopted by industries to maximize productivity.

(3) Most innovations were the product of intuitive thinkers and persistent experimenters rather than trained scientists.

(4) Wealthy individuals personally invented the machines to ensure they could multiply their capital.

औद्योगिक क्रांति के प्रथम चरण के दौरान आविष्कारकों की प्रकृति और नई प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग का सबसे सटीक विश्लेषण निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प करता है ?

(1) भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान जैसे मूलभूत विज्ञानों में औपचारिक विश्वविद्यालय प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण आविष्कार हुए।

(2) उत्पादकता को अधिकतम करने के लिए उद्योगों ने नए आविष्कारों को तुरंत अपना लिया।

(3) अधिकांश नवाचार प्रशिक्षित वैज्ञानिकों के बजाय सहज विचारकों और निरंतर प्रयोगकर्ताओं की देन थे।

(4) धनी व्यक्तियों ने अपनी पूँजी को कई गुना बढ़ाने के लिए मशीनों का स्वयं आविष्कार किया।

35. Consider the following two statements on Partisanship and choose the **correct** answer :

**Statement (A) :** Political parties involve partisanship.

**Statement (B) :** Partisanship is marked by inability to take a balanced view on an issue.

(1) **Statement (A)** is true, **(B)** is false

(2) **Statement (A)** is false, **(B)** is true

(3) Both **Statements (A)** and **(B)** are true

(4) Both **Statements (A)** and **(B)** are false

दलगत भावना पर निम्नलिखित दो कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर चुनिए :

**कथन (A) :** राजनीतिक दलों में दलगत भावना शामिल होती है।

**कथन (B) :** दलगत भावना की पहचान किसी मुद्दे पर संतुलित दृष्टिकोण न अपना पाने की अक्षमता से होती है।

(1) कथन **(A)** सही है, **(B)** गलत है

(2) कथन **(A)** गलत है, **(B)** सही है

(3) कथन **(A)** और **(B)** दोनों सही हैं

(4) कथन **(A)** और **(B)** दोनों गलत हैं

36. If Earth's axis was not tilted but perfectly vertical relative to its orbital plane, which of the following consequences is likely to happen ?

(1) Days and nights would be equal all over the world and there will be two seasons.

(2) Day and night will be equal everywhere except the polar regions, which will have six months of day and six months of darkness.

(3) There would be no seasons on Earth and duration of day and night will be of 12 hours each, at all latitudes.

(4) There would be similar temperature at the equator and the poles.

यदि पृथ्वी का अक्ष झुका हुआ न होकर अपने परिक्रमा (कक्षीय) ताप के सापेक्ष पूर्णतः उर्ध्वाधर हो तो इसका क्या परिणाम हो सकता है ?

(1) समस्त विश्व में दिन और रात एक समान होंगे और दो ऋतुएँ होंगी।

(2) केवल ध्रुव प्रदेशों में छह माह तक दिन और छह माह तक अंधेरा रहेगा और इसके अलावा अन्यत्र सभी जगहों पर दिन और रात एक समान होंगे।

(3) पृथ्वी पर कोई ऋतु नहीं होगी और सभी अक्षांशों में दिन और रात दोनों बारह-बारह घंटे के होंगे।

(4) विषुवत रेखा और दोनों ध्रुवों पर समान तापक्रम रहेगा।

37. Which specific characteristic of the Russian peasantry led some socialists to argue that Russia could reach socialism more quickly than other European nations ?

(1) The extreme poverty of 85% of the population which made them naturally revolutionary.

(2) Their deep respect for the nobility and the Tsar which provided a stable base for change.

(3) The custom of periodically pooling land and dividing it according to family needs.

(4) The high level of literacy among rural cultivators compared to urban industrial workers.

रूसी किसानों की कौन सी विशिष्ट विशेषता ने कुछ समाजवादियों को यह तर्क देने के लिए प्रेरित किया कि रूस अन्य यूरोपीय देशों की तुलना में अधिक तेज़ी से समाजवाद की ओर अग्रसर हो सकता है ?

(1) 85% आबादी की अत्यधिक गरीबी, जिसने उन्हें स्वाभाविक रूप से क्रांतिकारी बना दिया।

(2) कुलीन वर्ग और ज़ार के प्रति उनका गहरा सम्मान, जिसने परिवर्तन के लिए एक स्थिर आधार प्रदान किया।

(3) समय-समय पर भूमि का एकत्रीकरण और परिवार की आवश्यकताओं के अनुसार उसका विभाजन करने की प्रथा।

(4) शहरी औद्योगिक श्रमिकों की तुलना में ग्रामीण किसानों में साक्षरता का उच्च स्तर।

38. Which Indian State has a very low percentage of actual forest cover ?

(1) Arunachal Pradesh (2) Punjab

(3) Madhya Pradesh (4) Uttarakhand

किस भारतीय राज्य में वास्तविक वनक्षेत्र बहुत कम प्रतिशत में है ?

(1) अरुणाचल प्रदेश (2) पंजाब

(3) मध्य प्रदेश (4) उत्तराखंड

39. The National Food Security Act in India was introduced in the year :

भारत में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया था ?

(1) 1992 (2) 1995 (3) 2006 (4) 2013

40. Historical evidence shows a shift from primary to secondary to tertiary sectors in developed nations. Which evaluative insight explains why India's employment pattern did not follow this trajectory ?

(1) Rapid mechanisation in agriculture displaced workers

(2) Insufficient job creation in industry and services

(3) Overdependence on imports reduced domestic employment

(4) Service sector growth absorbed majority or rural labour

ऐतिहासिक साक्ष्यों से पता चलता है कि विकसित देशों में प्राथमिक से द्वितीयक से तृतीयक क्षेत्रों की ओर बदलाव हुआ है। कौन सा मूल्यांकनात्मक दृष्टिकोण यह स्पष्ट करता है कि भारत का रोज़गार पैटर्न इस दिशा में क्यों नहीं चला ?

(1) कृषि में तीव्र मशीनीकरण के कारण श्रमिकों का विस्थापन हुआ

(2) उद्योग और सेवा क्षेत्र में अपर्याप्त रोज़गार सृजन

(3) आयात पर अत्यधिक निर्भरता के कारण घरेलू रोज़गार में कमी आई

(4) सेवा क्षेत्र के विकास ने ग्रामीण श्रम के बहुमत को रोज़गार प्रदान किया

- o 0 o -